डीपीए भोपाल ने जीता टीसीएस आईटी विज

इंदौर, (व्यापार प्रतिनिधि)। आईटी सर्विसेस, कंसल्टेंसी तथा बिजनेस सॉल्यूशन के क्षेत्र में अग्रणी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) द्वारा भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल क्विज का आयोजन किया गया। डीएवीवी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के करीब 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टीसीएस आईटी विज कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाईस्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था। क्विज की इस वर्ष की थीम थी डिफॉल्ट इज डिजिटल।